तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व ता... अहकाम जो हु... की तामील में ज...
29/5/24	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी ने पत्रावली में संलग्न तहसीलदार देवली से प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन कर बहस की प्रार्थना की, जिसे स्वीकार किया गया। अधिवक्ता प्रार्थी ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र के तथ्यो को दोहराते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार करने की प्रार्थना की। पेरोकार सरकार ने रिपोर्ट को ही बहस मानने की प्रार्थना की। पत्रावली व तहसीलदार रिपोर्ट का अवलोकन किया। अधिवक्ता प्रार्थी की बहस पर मनन किया। तहसीलदार रिपोर्ट अनुसार जमाबन्दी सम्वत 2074–77 के खाता संख्या 1100 ख. नं. 4608, 4609, 4610 वाके ग्राम नासिरदा की भूमि पर प्रार्थीगण का कब्जा नहीं तथा प्रार्थीगण ने उन व्यक्तियों का पक्षकार नहीं बनाया है जिनसे उनका सीमा विवाद है। अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 128 एल. आर. एक्ट के प्रावधानो के अनुसार न होने से अर्थात जमाबन्दी में अंकित सभी खातेदारो को पक्षकार नहीं बनाये जाने से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 128 एल. आर. एक्ट खारिज/अस्वीकार किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो । दाखिल दफ्तर हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। (हस्ताक्षर)	